NEW JERSEY VOTES

SAFE. SIMPLE. SECURE.

11.3.2020

3 नवंबर, 2020 को होने वाले आम चुनावों में मतदान करने के लिए आपको किन बातों की जानकारी होनी चाहिए...

डाक द्वारा किस प्रकार से मतदान किया जा सकता है?

न्यूजर्सी के सभी सक्रिय पंजीकृत मतदाताओं को स्वतः ही डाक में उनके मतपत्र प्राप्त हो जाएंगे। उसके बाद आसानी से **मतदान करें, हस्ताक्षर करें, मुहर लगाएं, वापस लौटाएं।** आप अपनी सुविधा अनुसार इसे वापस लौटा सकते हैं।

1... **डाक:** इसके ऊपर 3 नवंबर शाम 8:00 बजे तक या उससे पहले डाक टिकट लग जानी चाहिए और 10 नवंबर तक या उससे पहले आपकी काउंटी के चुनाव बोर्ड को प्राप्त हो जाना चाहिए।

2... **सुरक्षित मतपत्र ड्रॉप बॉक्स:** अपना मतपत्र 3 नवंबर शाम 8:00 बजे तक अपनी काउंटी के सुरक्षित मतपत्र ड्रॉप बॉक्स में से किसी एक में डाल दें।

3... **चुनाव कार्यालय बोर्ड:** अपना मतपत्र 3 नवंबर शाम 8:00 बजे तक अपनी काउंटी के चुनाव कार्यालय बोर्ड को व्यक्तिगत तौर पर सुपुर्द करें।

4... **मतदान स्थल:** 3 नवंबर को चुनाव वाले दिन शाम 8:00 बजे तक अपने मतदान स्थल पर अपना मतपत्र साथ में लाएं। याद रखें केवल आप, यानी मतदाता ही चुनाव वाले दिन अपने मतदान स्थल पर अपना मतपत्र साथ में ला सकता है।

यदि मुझे मतपत्र प्राप्त नहीं हुआ तब क्या होगा?

न्यूजर्सी में प्रत्येक सक्रिय मतदाता को डाक में मतपत्र प्राप्त होना चाहिए। यदि 12 अक्तूबर तक यह नहीं आता, तो Vote.NJ.Gov पर ऑनलाइन रूप से डाक-द्वारा-मतदान मतपत्र स्थिति जांचें या 'काउंटी चुनाव अधिकारी' पेज पर सूचीबद्ध अपने काउंटी क्लर्क से संपर्क करें।

क्या मैं व्यक्तिगत रूप से मतदान कर सकता/सकती हूँ?

आप 3 नवंबर को चुनाव वाले दिन सुबह 6:00 बजे से शाम 8:00 बजे तक अपने मतदान स्थल पर **व्यक्तिगत रूप से मतदान कर सकते हैं**, और आपको कागज़ का एक अस्थायी मतपत्र प्रदान किया जाएगा। विकलांग लोगों को मतदान के लिए सुगम उपकरण प्रदान करने की व्यवस्था की जाएगी। याद रखें, आप अपने मतदान स्थल पर अपना डाक-द्वारा-मतदान मतपत्र वापस लौटा सकते हैं। अपने मतदान स्थल के लिए Vote.NJ.Gov पर जाएं, जो 'अपने मतदान स्थल का पता लगाएं' पेज पर सूचीबद्ध है।

मतदान के लिए किस प्रकार से पंजीकरण किया जाए?

मतदान करने के लिए आपको 13 अक्तूबर तक पंजीकरण करा लेना चाहिए। ऑनलाइन मतदाता पंजीकरण के लिए या अपनी पंजीकरण स्थिति जांचने के लिए Vote.NJ.Gov पर जाएं।

अतिरिक्त जानकारी या सहायता कहाँ से प्राप्त की जा सकती है?

संपूर्ण विवरण, ड्रॉप बॉक्स और मतदान स्थल, और अक्सर पूछे जाने वाले सवालों पर और अधिक जवाब पाने के लिए Vote.NJ.Gov पर जाएं। आप अपने स्थानीय चुनाव अधिकारियों से भी संपर्क कर सकते हैं, या 1-877-NJ-VOTER (1-877-658-6837) पर मतदाता सूचना और सहायता लाइन पर कॉल कर सकते हैं।



गवर्नर Phil Murphy
राज्य सचिव Tahesha Way

Vote.NJ.Gov
1-877-NJ-VOTER (1-877-658-6837)

@NJElections | @NJ_Votes | NJ Department of State | @NJ_Votes